भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2304

25 अप्रैल, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र और कपड़ा उद्योग के लिए कपास उपलब्ध कराया जाना

2304. श्री पि. भट्टाचार्य:
श्रीमती गुन्डु सुधरानी:

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कपास की भारी भरकम फसल के मद्देनजर वस्त्र और कपड़ा उद्योग को और अधिक कपास उपलब्ध कराने के लिए उनके मंत्रालय द्वारा क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं;

(ख) क्या इस संबंध में मंत्रालय को वस्त्र एवं कपड़ा उद्योग की ओर से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उनकी शिकायतों के समाधन के लिए मंत्रालय क्या योजना बना रहा है?

उत्तर

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)

(क): कपास मौसम 2011-12 के दौरान अनुमानित कपास उत्पादन 347 लाख गांठे हैं जबकि कपास की अनुमानित मांग 250 लाख गांठें हैं । कपास का निर्यात 115 लाख गांठों तक पहुंच गया है और अंत: शेष स्टाक 25 लाख गांठ हैं ।

(ख) तथा (ग): टीईए जैसे उद्योग संघों ने अभ्यावेदन दिया है कि घटते हुए अंत: शेष स्टाक को पूरा करने के लिए 25 लाख गांठों का एक बफर स्टाक तैयार किया जाए ।

(घ): सरकार ने भारतीय कपास निगम के पास 10 लाख गांठों का एक बफर स्टाक सृजित करने का निर्णय लिया है ।